कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ग्रामीण उद्यमी योजना के तहत 200 जनजातीय महिलाओं के सम्मान समारोह में भाग लेंगे

इस योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के समावेशी और सतत विकास के लिए उनमें कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है

Posted On: 17 JAN 2023 6:19PM by PIB Delhi

मुख्य बातें:

- जनजातीय समुदायों के समावेशी और सतत विकास के लिए उनमें कौशल प्रशिक्षण बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण उद्यमी योजना शुरू की गई थी

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर कल झारखंड में ग्रामीण उद्यमी योजना के तीसरे चरण के तहत सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर चुकी 200 से अधिक जनजातीय महिलाओं के सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा और राज्य सभा सदस्य श्री समीर उरांव भी इस समारोह में उपस्थित रहेंगे, जिसे गांधी सभागार, बिशुनपुर, गुमला में आयोजित किया जाएगा।

पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के बाद, श्री राजीव चंद्रशेखर प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं के साथ उनके अनुभवों के बारे में चर्चा करेंगे।

जनजातीय समुदायों के समावेशी और सतत विकास के लिए उनमें कौशल प्रशिक्षण बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण उद्यमी योजना शुरू की गई थी। कार्यक्रम के तहत, भारत के युवाओं को आजीविका-सक्षम बनाने के लिए बहु-कौशल और कार्यात्मक कौशल प्रदान करने के प्रयास किये जाते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदायों को कार्यबल में शामिल करने पर जोर दिया है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और संबंधित भौगोलिक क्षेत्रों में समाहित करने के लिए उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

ग्रामीण/स्थानीय अर्थव्यवस्था का विस्तार करने, रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, पलायन को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के उद्देश्य से इस योजना को संसदीय संकुल योजना के तहत लागू किया गया है।

कौशल और शिक्षा के अभाव में, संगठित क्षेत्रों का पारंपरिक रूप से जनजातीय आजीविका में योगदान, राष्ट्रीय औसत की तुलना में, बहुत कम रहा है।

*****

एमजी / एएम / जेके /डीके-

(Release ID: 1891875) Visitor Counter : 204

Read this release in: English , Urdu , Punjabi , Kannada